कार्यालय वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

पत्रांक-926 / 14-1, दिनांक, मुरादाबाद, सितम्बर 19 2017

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषय :- रामपुर में स्वार-बिलासपुर मार्ग किमी0 13 की बायीं पटरी पर ग्राम मेंहदी नगर के खसरा संख्या-132 पर एच0पी0सी0एल0 द्वारा विकसित किये जा रहे के सम्पर्क मार्ग हेतु 0.064148 (संशोधित 0.060548 है0) संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 03 वृक्षों के पातन के अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भ - आपका पत्र संख्या-681 / रामपुर / 27293 / 2017 दिनांक 06.09.2017

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा विषयक प्रस्ताव में आप द्वारा लगायी गई आपत्तियों का निराकरण कर प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, रामपुर द्वारा बिन्दुवार आख्या निम्न प्रकार प्रेषित की है। अतः प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, रामपुर से प्राप्त आख्या / संशोधित प्रस्ताव की 2 प्रतियां मूल में अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु संलग्न कर आपकी सेवा में प्रेषित है :-

Observation No	Observation	Reply
1	प्रस्तावित वन भूमि की गणना में प्रवेश मार्ग का क्षेत्रफल-213.94 है0,निकास मार्ग का क्षेत्रफल-213.94 है0 एवं मध्य भाग का क्षेत्रफल-177.60 है0 का योग 0.060548 है0 होता है, किन्तु प्रस्तावित वन भूमि का क्षेत्रफल 0.064148 है0 अंकित किया गया है, जो त्रुटिपूर्ण है।	प्रभावित वन भूमि का संशोधित क्षेत्रफल 0.060548 है0 आनलाइन एवं आफलाइन पार्ट-I& पार्ट-II एवं अन्य सभी प्रपत्रों मे कर दिया गया है।
2	प्रस्ताव के साथ संलग्न सयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट पर प्रयोक्ता एजेंसी के सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर अंकित नहीं है। सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर के कराकर ऑन लाईन अपलोड करें एंव प्रस्ताव के साथ संलग्न करें।	प्रस्तावित स्थल की संयुक्त निरीक्षण पर सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर करा दिये गये है। जो प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या-30 पर संलग्न है।
3	प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या-38 पर संलग्न अधिशासी अभियन्ता,लो0नि0वि0, रामपुर के पृष्ठांकन में उल्लिखित मुख्य अभियन्ता लो0नि0वि0 मुरादाबाद के समसंख्यक पत्र दिनांक 13.07.2017 की सत्यापित प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करे।	संलग्न है।
4	प्रस्तावित स्थल के डिजिटल मैप में समस्त ामल चवपदज के आक्षांश व देशान्तर अंकित नहीं किये गये है। अंकित आक्षांश व देशान्तर किस बिन्दु से संबंधित है, यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।स्पष्ट करते हुए संशोधित डिजिटल मैप आन लाइन अपलोड करते हुए प्रस्ताव के साथ संलग्न करें।	प्रस्तावित स्थल के डिजिटल मैप में कर्व key point के आक्षांश व देशान्तर को अंकित कर सभी बिन्दुओ को मानचित्र में तालिका बना दी गयी है। जो प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या-26 पर संलग्न है।
5	अधिकतर अभिलेखों में प्रयोक्ता एजेंसी के सक्षम अधिकारी द्वारा सील के ऊपर हस्ताक्षर न कर सील के नीचे हस्ताक्षर किये गये जो सुसंगत नहीं है।	पृष्ठ संख्या-25,26,47,48,49,57,58,59 एवं 61पर सक्षम अधिकारी द्वारा पुनः सील लगाकर हस्ताक्षर कर दिये गये है।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

(आर0पी0 वर्मा)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

संख्या 926 / 14-1 *उक्तदिनांकित*

प्रतिलिपि :- प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, रामपुर को उनके पत्रांक-789 / 14-1,दिनांक 18-09-2017 के क्रम में इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आप अपने माध्यम से विषयक प्रस्ताव (इस कार्यालय से प्राप्त कर) मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,उत्तर प्रदेष लखनऊ के कार्यालय में यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(आर0पी0 वर्मा)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।